अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से छात्रा की मौत,ग्रामीणों में आक्रोश

सुकरैली बाजार- कुशीनगर । नगर पंचायत सुकरौली के भैरव चौराहा तितिला मे सड़क हादसा के चपेट में आने से 17 वर्षीय छात्रा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है।मृतक छात्रा की पहचान काजल गुप्ता पुत्री धर्मेंद्र गुप्ता निवासी पिपरा उर्फ तितला भैरों चौराहा के रूप में हुई है। वह भैरों चौराहा स्थित इंडियन पब्लिक स्कूल तितला में कक्षा 12 की छात्रा थी।

बताया जा रहा है कि सोमवार को स्कूल की छुट्टी होने के बाद काजल अपने घर जाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग-28 हाईवे सड़क पार कर रही थी।

इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव



को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

हादसे के बाद ट्रक चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ट्रक को कब्जे में लेकर चालक की तलाश कर रही है। छात्रा की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मां का रो-रोकर बुरा हाल है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि काजल पढ़ने में काफी होनहार थी और परिवार की इकलौती बेटी थी। ग्रामीणों ने राष्ट्रीय राजमार्ग-28पर आए दिन हो रहे हादसों को लेकर नाराजगी जताई और मांग की कि स्कूलों के पास स्पीड ब्रेकर और सुरक्षा के इंतजाम किए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

मनोकामना हनुमान मन्दिर पर हुआ 105 कन्याओं का पूजन

भटनी(देवरिया)स्थानीय नगर पंचायत के हरिकीर्तन मुहल्ला में स्थित हनुमान मन्दिर में मन्दिर समिति के तत्वावधान में नवरात्र के उपलक्ष्य मे मन्दिर पर 105 कन्याओं का पूजनोत्सव का भव्य आयोजन किया गया । माता दुर्गा के नवरुपो की भव्य झाकी निकाली गयी । कार्यक्रम का शुभारंभ कन्याओं की चरण पूजा आरती और कन्या भोज कराया गया ।जिसमें नगर की महिलाओं द्वारा आस्था के साथ पूजा अर्चन के बाद नगर व क्षेत्र के अधिक संख्या में महिलाओं पुरुष एवं युवाओं ने बढ चढ कर हिस्सा लिया । मन्दिर समिति के अध्यक्ष बृजेश कुमार वर्मा के सफल निर्देशन में कार्यक्रम में नगर युवाओं की अहम भुमिका निभाई । इस अवसर पर सभासद अशोक कुमार वर्मा भोला सभासद अशोक कुमार वर्मा टुनटुन सन्देश वर्मा मनोज जायसवाल राजन वर्मा राजन वर्मा सोनी राजन खरवार ।अजय कुमार वर्मा रमनजीत श्रीवास्तव अजय पाण्डेय राजकुमार वर्मा रवि वर्मा सुमेश वर्मा सन्नी वर्मा सहित नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे ।



तमकुही रोड गोलीकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त पिस्टल बरामद

बभनौली (कुशीनगर)। तमकुही रोड रेलवे स्टेशन पर 19 अक्टूबर की रात युवक को गोली मारने के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। सेवरही थाना पुलिस, स्वाट टीम और तरयासुजान पुलिस की संयुक्त टीम ने मंगलवार को मामले के मुख्य आरोपी आदर्श सिंह उर्फ बंटी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित था। गिरफ्तारी के दौरान उसके पास से घटना में प्रयुक्त बताई जा रही .32 बोर की अवैध पिस्टल, दो जिंदा कारतूस, 41 हजार रुपये नकद और एक एंड्रॉयड मोबाइल बरामद हुआ है। पुलिस के अनुसार, 19 अक्टूबर 2026 की रात करीब 10ः30 बजे तमकुही रोड रेलवे स्टेशन पर पुरानी रंजिश को लेकर राजन शर्मा पुत्र विनोद शर्मा निवासी घाघवां जगदीश, थाना तरयासुजान पर गोली चलाकर जानलेवा हमला किया गया था। बताया गया कि राजन अपनी मां को इलाज के लिए लखनऊ ले जाने के लिए ट्रेन पकड़ने स्टेशन पहुंचे थे। इसी दौरान आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया। गोली राजन के जांघ में लगी थी, जिसके बाद उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया।

पुलिस की ओर से जारी प्रेस नोट के मुताबिक, 27 अक्टूबर को बिनटोलिया तिराहे से शिवाघाट मंदिर की तरफ जाने वाले रास्ते पर संयुक्त टीम ने आदर्श सिंह उर्फ बंटी को गिरफ्तार किया। आरोपी जंगली पट्टी, थाना सेवरही का निवासी है और उसकी उम्र 23 वर्ष बताई गई है। पुलिस का दावा है कि उसके पास से बरामद पिस्टल का इस्तेमाल गोलीकांड में किया गया था। पुलिस ने आरोपी के आपराधिक इतिहास में लूट, चोरी, गैंगस्टर एक्ट, पशु क्रूरता अधिनियम तथा मारपीट समेत विभिन्न मामलों में दर्ज मुकदमों का उल्लेख किया है। इसके अलावा तमकुही रोड रेलवे स्टेशन गोलीकांड में जीआरपी गोरखपुर में दर्ज मुकदमा संख्या 167/2026 में भी वह वांछित था। अवैध



हथियार की बरामदगी के संबंध में सेवरही थाने में मुकदमा संख्या 289/2026, धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई में सेवरही थानाध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा, स्वाट प्रभारी उपनिरीक्षक दीपक सिंह, कस्बा सेवरही चौकी प्रभारी अनिल कुमार शर्मा, पिपराघाट चौकी प्रभारी रुपेन्द्र पाल तथा तरयासुजान थाने की पुलिस टीम शामिल रही।

अज्ञात कारणों से लगी आग, करीब तीन बीघा गन्ने की फसल जली

तुर्कपट्टी (कुशीनगर)। मंगलवार को दोपहर 2 बजे के करीब तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के ग्राम सभा खिरियां में अज्ञात कारणों से लगी आग में करीब तीन बीघा गन्ने की फसल जलकर राख हो गई। आग की चपेट में आने से किसानों को काफी नुकसान हुआ है। घटना के बाद प्रभावित किसानों चेहरे पर मायूसी छा गई है। ग्रामीणों के मुताबिक, आग में भानू प्रताप सिंह की करीब 2 बीघा गन्ना, भुआल यादव का 15 कट्ठा गन्ने की फसल के साथ बृजराज सिंह, पिंटू सिंह, नंद किशोर सिंह और नन्हका सिंह आदि की खरहुल भी जल गई। ग्रामीणों ने बताया कि खरहुल का उपयोग फूस का घर बनाने के लिए



किया जाता है। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। घटना के बाद प्रभावित किसानों को नुकसान उठाना पड़ा है। आग लगने की वजह स्पष्ट नहीं होने से ग्रामीणों में चिंता बनी हुई है। इस संबंध में हल्का लेखपाल यशपाल सिंह ने बताया कि मैं मौके पर पहुँच रहा हूँ। नुकसान का आकलन कर उच्च अधिकारी को अवगत कराया जाएगा।

चीनी के स्टॉक पर प्रशासन की नजर, निर्धारित सीमा से अधिक भंडारण पर रोक

पडरौना,कुशीनगर। जिले में चीनी की जमाखोरी पर अंकुश लगाने और निर्धारित स्टॉक सीमा का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने निगरानी बढ़ा दी है। जिलाधिकारी संजय चौहान ने चीनी के थोक एवं फुटकर कारोबारियों, स्टॉक होल्डर्स और चीनी मिलों में उपलब्ध भंडार की नियमित जांच के लिए सभी छह तहसीलों में समितियों का गठन किया है। समितियां अपने-अपने क्षेत्रों में भौतिक निरीक्षण कर निर्धारित सीमा से अधिक चीनी के भंडारण और नियमों के उल्लंघन पर नजर रखेंगी।जिलाधिकारी के अनुसार, भारत सरकार ने 28 जुलाई 2026 को जारी अधिसूचना में संशोधन करते हुए छह अक्टूबर 2026 को नई अधिसूचना जारी की थी। इसके तहत चीनी का कोई भी डीलर स्टॉक प्राप्त होने की तारीख से 15 दिनों से अधिक समय तक उसका भंडारण नहीं कर सकेगा। इसके अलावा कोलकाता एवं उसके विस्तारित महानगरीय क्षेत्रों तथा असम को छोड़कर देश के किसी भी स्थान पर एक समय में 1,000 क्विंटल से अधिक चीनी का स्टॉक रखने की अनुमति नहीं होगी। वहीं, कोलकाता के विस्तारित महानगरीय क्षेत्रों और असम में अधिकतम सीमा 2,000 क्विंटल निर्धारित की गई है। यह व्यवस्था 15 अक्टूबर 2026 से प्रभावी है।

निर्देशों के अनुपालन के लिए पडरौना, खड्डा, तमकुहीराज, कप्तानगंज, कसया और हाटा तहसीलों में अलग-अलग समितियां बनाई गई हैं। इनमें संबंधित उपजिलाधिकारी, राज्य कर अधिकारी, विपणन निरीक्षक, पूर्ति निरीक्षक और गन्ना विकास विभाग के अधिकारियों को शामिल किया गया है।

जिलाधिकारी ने समितियों को निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में चीनी के स्टॉक होल्डर्स, डीलर्स और चीनी मिलों का नियमित निरीक्षण करें। जांच के दौरान स्टॉक की निर्धारित सीमा और भंडारण अवधि का विशेष ध्यान रखा जाए। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। उन्होंने सभी समितियों को निरीक्षण और की गई कार्रवाई की दैनिक रिपोर्ट जिला खाद्य विपणन अधिकारी, कुशीनगर के कार्यालय में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। प्रशासन का उद्देश्य चीनी के भंडारण पर प्रभावी निगरानी रखते हुए शासन के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करना है।

टेकुआटार में सड़क निर्माण की मांग तेज, लखनऊ की टीम ने किया निरीक्षण

सोहसा मठिया / कुशीनगर। रामकोला-कसया मार्ग पर स्थित टेकुआटार चौराहे पर सड़क निर्माण की मांग लगातार उठ रही है। सड़क की बदहाली से परेशान क्षेत्रीय लोग कई बार जनप्रतिनिधियों के साथ धरना-प्रदर्शन कर चुके हैं। इसके बावजूद अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं होने से लोगों में निराशा है। हाल ही में लखनऊ से आई टीम ने मौके पर पहुंचकर सड़क की स्थिति का निरीक्षण किया। टीम ने सड़क के दोनों तरफ नाली निर्माण कराने की बात कही है। ग्रामीणों के अनुसार, सड़क निर्माण की मांग को लेकर लंबे समय से आवाज उठाई जा रही है। क्षेत्रीय लोगों ने कई बार नेताओं के साथ धरना देकर संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधियों का ध्यान इस समस्या की ओर आकृष्ट कराया। ग्रामीणों की मांग और धरना-प्रदर्शन का संज्ञान लेते हुए करीब चार महीने पहले भी लखनऊ से एक टीम मौके पर पहुंची थी। टीम ने जांच-पड़ताल करने के बाद अपनी रिपोर्ट भेजी थी। इसके बावजूद सड़क निर्माण की दिशा में अब तक ठोस पहल नहीं हो सकी है।कुछ महीने पहले टेकुआटार चौराहे पर मुख्यमंत्री का कार्यक्रम भी आयोजित हुआ था। इस दौरान क्षेत्रीय लोगों ने मुख्यमंत्री के समक्ष रामकोला-कसया मार्ग का निर्माण कराने की मांग उठाई थी। लोगों को उम्मीद थी कि उनकी समस्या का समाधान होगा और सड़क निर्माण का रास्ता साफ



हो जाएगा, लेकिन अब तक कार्य शुरू नहीं हो सका है। इधर, सड़क निर्माण को लेकर एक बार फिर लखनऊ से आई टीम ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया।

इस दौरान सड़क की स्थिति का जायजा लिया गया। टीम ने सड़क के दोनों तरफ नाली बनवाने की बात कही और इसके बाद लौट गई। हालांकि, सड़क और नाली निर्माण का कार्य कब शुरू होगा, इसकी कोई स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। बार-बार निरीक्षण, धरना-प्रदर्शन और जनप्रतिनिधियों के समक्ष मांग उठाए जाने के बावजूद सड़क का निर्माण नहीं होने से यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क का निर्माण होने से आवागमन सुगम होगा और लोगों को आने-जाने में होने वाली परेशानियों से राहत मिलेगी। अब क्षेत्रीय लोगों की निगाहें संबंधित विभाग पर टिकी हैं कि सड़क निर्माण की मांग कब पूरी होगी और धरातल पर काम कब शुरू कराया जाएगा।

सचिवों के हड़ताल से खाद का संकट

कप्तानगंज (कुशीनगर)। साधन सहकारी समितियों पर तैनात सचिवों द्वारा अपने संगठन के आह्वान पर जारी हड़ताल के कारण क्षेत्र के सभी सहकारी समितियों पर ताला बंद रहा।जिससे किसानों को समितियों पर खाद आदि नहीं मिला। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कप्तानगंज पचार, भड़सर, रामपुर बोदरवार, घोड़ा देऊर सहित 10 समितियों पर खाद की पर्याप्त उपलब्धता के बाद भी समितियों के सचिवों द्वारा अपनी माग जिसमे बी पैक्स पर कार्यरत कैडर सचिव,नॉन कैडर सचिव, प्रभारी सचिव, आंकिक, लिपिक, विक्रेता, सहयोगीं एवं चौकीदार गणों को राजकोषीय सहायता से वर्तमान लागू वेतनमान दरों के अनुसार वेतन एवं अन्य सभी सुविधाएं जैसे अन्य विभागों के कर्मचारियों एवं शिक्षकों को मिल रही है दिलाई जाए को लेकर हड़ताल कर रहे हैं।इस हड़ताल में अजय सिंह हाकिम सिंह शेषमणि सिंह महेंद्र सिंह ताड़केश्वर पांडेय शामिल होने के कारण किसानों को रवि की फसलों के लिए आवश्यक खाद की समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

कुशीनगर पुलिस के डॉग स्क्वॉड में शामिल हुआ ट्रैकर श्वान बेली

पडरौना/कुशीनगर। अपराधों की जांच और घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने में पुलिस की सहायता के लिए कुशीनगर पुलिस के डॉग स्क्वॉड में ट्रैकर श्वान बेली को शामिल किया गया है। मंगलवार को जनपद में पहुंचने पर पुलिस अधीक्षक ने बेली का स्वागत किया। नौ माह के ट्रैकर श्वान बेली को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। उसके साथ डॉग हैंडलर आरक्षी सुनील कुमार शाह ने हरियाणा के पंचकूला स्थित भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के



नेशनल ट्रेनिंग सेंटर फॉर डॉग्स (एनटीसीडी) शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त किया है। बेली के डॉग स्क्वॉड में शामिल होने से गंभीर आपराधिक घटनाओं की जांच, अपराधियों तक पहुंचने और घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाने में पुलिस को सहायता मिलने की उम्मीद है। इससे जनपद में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के प्रयासों को भी मजबूती मिलेगी।

पंजीकृत किसानों में मसूर और सरसों की मिनी किट वितरित

कप्तानगंज (कुशीनगर)। रबी की फसलों की बुवाई को प्रोत्साहित करने और किसानों को आर्थिक राहत पहुंचाने के उद्देश्य से कृषि विभाग



की ओर से मसूर एवं राई,सरसों के बीज की मिनी किट का कृषि बीज भंडार केंद्र पर अपर जिला कृषि अधिकारी डॉ. संदीप यादव ने पंजीकृत किसानों को अनुदान पर बीज किट वितरित किया। कप्तानगंज में बीज वितरण केंद्र पर आयोजित वितरण कार्यक्रम में संतोष सिंह, दुर्गा सिंह, गुलाब और रामाश्रय सहित अन्य किसान को जिन्होंने विभागीय योजना के तहत पंजीकरण कराने के बाद टोकन प्राप्त कर लिया था।

उन्हें इसका लाभ प्राप्त हुआ।अपर जिला कृषि अधिकारी डॉ. संदीप यादव ने किसानों से अपील की कि वे शासन की ओर से संचालित कृषि कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका लाभ उठाएं। उन्होंने रबी फसलों की समय से बुवाई करने और कृषि संबंधी योजनाओं के प्रति जागरूक रहने पर भी जोर दिया। गोदाम प्रभारी हेमंत कुमार ने विभागीय योजना के तहत पंजीकरण कराने के बाद टोकन प्राप्त कर चुके किसान कृषि बीज भंडार पहुंचकर अपनी बीज मिनी किट प्राप्त करने की जानकारी दिया।

इस अवसर पर संदीप कुमार, ओम कुमार, हर्षित गुप्ता और सोनू कुमार सहित विभागीय कर्मचारी एवं किसान उपस्थित रहे।

कार्यालय अधिशासी अभियंता
निर्माण खण्ड, लो.नि.वि., महराजगंज

पत्रांक-1908/ए-11/2026 दिनांक 23-10-2026

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के "ए, बी ,सी0 एवं डी" श्रेणी के पात्र मार्ग कार्य हेतु पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम (ट्रेडी एप) से निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, महराजगंज के अन्तर्गत नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र0 सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (दिवस ऋतु सहित)
1	2	3	4	5	6	7
		विधान सभा क्षेत्र नौतनवा के अन्तर्गत मार्गों के विशेष मरम्मत का कार्य।				
1	महराजगंज	हथिअहवा का मैनहवा टोला सम्पर्क मार्ग के आबादी भाग में सी०सी० सहित विशेष मरम्मत का कार्य।	19.40	1.94	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 944.00	2 माह
2	महराजगंज	दशरथपुर ग्राम के दशरथपुर खास टोला सम्पर्क मार्ग के आबादी भाग में सी०सी व नाली सहित विशेष मरम्मत कार्य।	27.60	2.76	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 944.00	2 माह
3	महराजगंज	शेष फरेन्दा सम्पर्क मार्ग के आबादी भाग में सी०सी० मार्ग का निर्माण कार्य।	15.50	1.55	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 944.00	2 माह
4	महराजगंज	घोतियहवां हनुमानगढ़िया से टोला भरहिया सम्पर्क मार्ग के आबादी भाग में सी०सी० एवं नाली का निर्माण कार्य।	5.20	0.52	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 856.00	2 माह
5	महराजगंज	लोधी सम्पर्क मार्ग के किमी0-2 में स्थित क्षतिग्रस्त पुलिया के स्थान पर 1×1.5 मी० स्पान का आर०सी०सी० पुलिया का निर्माण कार्य।	7.50	0.75	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 856.00	2 माह
6	महराजगंज	महुअवा अड्डा से पिपरही सिंहपुर कला करैला अजगरहा मोतीसागर तुलसीपार मार्ग के आबादी भाग में सी०सी० मार्ग का निर्माण कार्य।	6.50	0.65	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 856.00	2 माह
7	महराजगंज	समरधीरा भगवानपुर से बसतपुर मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	5.60	0.56	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 856.00	2 माह
8	महराजगंज	रानीपुर-गौहरपुर-सूबेदारपुर मार्ग के आबादी भाग में सी०सी० मार्ग का निर्माण कार्य।	10.10	1.01	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 944.00	2 माह
9	महराजगंज	कैथलिया से बर्कनिया सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य ।	16.90	1.69	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 944.00	2 माह
10	महराजगंज	जमुहानिया से अमवा मार्ग के आबादी भाग में सी०सी० मार्ग का निर्माण कार्य।	9.20	0.92	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 856.00	2 माह
11	महराजगंज	समरधीरा मोहनापुर से पतरिवहवां मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	18.70	1.87	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 944.00	2 माह
12	महराजगंज	बोध परिक्षा रोड किमी 20 से बनरसिया रोड के आबादी भाग में सी०सी० मार्ग का निर्माण कार्य।	17.20	1.72	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 944.00	2 माह
13	महराजगंज	धनहिया सम्पर्क मार्ग के आबादी भाग में सी०सी० सहित विशेष मरम्मत कार्य ।	26.60	2.66	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 944.00	2 माह
14	महराजगंज	महराजगंज जिले में रोहिन नदी के चानकी घाट पर बने 4X25 मीटर स्पान के पक्के पुल पर अतिरिक्त पहुंच मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	12.70	1.27	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 944.00	2 माह
15	महराजगंज	महदेइया तकदह से सिरसिया मझौ सम्पर्क मार्ग के आबादी भाग में सी०सी० मार्ग का निर्माण कार्य ।	10.70	1.07	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 944.00	2 माह
		विधान सभा क्षेत्र फरेन्दा के अन्तर्गत मार्गों के विशेष मरम्मत का कार्य।				
16	महराजगंज	कोल्हुई लोटन मार्ग से खरहरवा सम्पर्क मार्ग का सी०सी० मार्ग सहित विशेष मरम्मत का कार्य।	24.80	2.48	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 944.00	2 माह
17	महराजगंज	पुरन्दरपुर से हथिगढ़वा मार्ग के आबादी भाग में सी०सी० मार्ग का निर्माण कार्य।।	27.00	2.70	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 944.00	2 माह
18	महराजगंज	फरेन्दा महराजगंज मार्ग के किमी05 से जंगल जोगियाबारी मार्ग के आबादी भाग में सी०सी० सहित विशेष मरम्मत कार्य।	30.00	3.00	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 944.00	2 माह
19	महराजगंज	महदेवां समरवीरा से कैथवलिया सर्वजीत मार्ग के आबादी भाग में सी०सी० सहित विशेष मरम्मत का कार्य।	9.90	0.99	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 856.00	2 माह
20	महराजगंज	बनगी से राजमन्दिर मार्ग से दुर्गा मन्दिर तक मार्ग (शामील मार्ग) निजी हाट मिक्स प्लाण्ट से विशेष मरम्मत का कार्य।	28.10	2.81	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 944.00	2 माह
21	महराजगंज	फरेन्दा महराजगंज से शनिचरी मार्ग के आबादी भाग में सी०सी० सहित विशेष मरम्मत का कार्य।	12.90	1.29	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 944.00	2 माह
22	महराजगंज	भगवतनगर परसिया लिंक रोड के आबादी भाग में सी०सी० मार्ग का निर्माण मार्ग ।	12.60	1.26	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 944.00	2 माह
23	महराजगंज	बनगढ़िया सोनाबंदी जिगिनिहा रोड से गोपालपुर सम्पर्क मार्ग के आबादी भाग में सी०सी० मार्ग सहित विशेष मरम्मत कार्य।	15.00	1.50	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 944.00	2 माह
24	महराजगंज	बृजमनगंज मार्ग से अहिरावल मार्ग के आबादी भाग में सी०सी० सहित नाली का निर्माण कार्य।	16.30	1.63	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 944.00	2 माह
25	महराजगंज	एसएनजी से नियातकपुर संपर्क मार्ग के आबादी भाग में सी०सी० मार्ग का निर्माण कार्य ।	9.30	0.93	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 856.00	2 माह
26	महराजगंज	लेहड़ा स्टेशन बैसार मार्ग पर बरगदही पुल से शिवपुर खरहनिया तक लेपन कार्य के आबादी भाग में सी०सी० मार्ग सहित विशेष मरम्मत कार्य	17.00	1.70	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 944.00	2 माह
27	महराजगंज	बाजारडीह से भरथीपुर मार्ग के आबादी भाग में सी०सी० सहित विशेष मरम्मत कार्य।	17.00	1.70	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 944.00	2 माह
28	महराजगंज	बड़हरा इंद्रदत्त कुशहा सम्पर्क मार्ग का निजी हाट मिक्स प्लाण्ट से विशेष मरम्मत का कार्य।	19.30	1.93	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 944.00	2 माह
29	महराजगंज	फरेन्दा धानी नौगढ़ (एस०एस १) किमी० 17 में महदेवा से पट्टीवार मार्ग के आबादी भाग में सी०सी० एवं नाली का निर्माण कार्य।	20.20	2.02	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 944.00	2 माह
30	महराजगंज	बनकटवां पूरब एवं पश्चिम टोला सम्पर्क मार्ग के आबादी भाग में सी०सी० मार्ग का निर्माण कार्य।	15.70	1.57	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 944.00	2 माह
31	महराजगंज	पोखरभिण्डा परसाबेनी मार्ग का निर्माण का सी०सी० सहित विशेष मरम्मत का कार्य।	7.50	0.75	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 856.00	2 माह
32	महराजगंज	लालपुर पुरन्दरपुर मार्ग से उखडहिया सम्पर्क मार्ग के आबादी भाग में सी०सी० मार्ग सहित विशेष मरम्मत का कार्य।	15.50	1.55	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 944.00	2 माह
33	महराजगंज	फरेन्दा बाजार से जगुहरा खुर्द मार्ग के आबादी भाग में सी०सी० मार्ग का निर्माण कार्य।	12.40	1.24	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 944.00	2 माह
34	महराजगंज	बृजमनगंज धानी मार्ग से रामपुर मार्ग के आबादी भाग में सी०सी० मार्ग का निर्माण कार्य।	18.80	1.88	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 944.00	2 माह
35	महराजगंज	परसिया से कोहपुरवा मार्ग के आबादी भाग में सी०सी० सहित विशेष मरम्मत का कार्य।	10.00	1.00	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 944.00	2 माह
36	महराजगंज	बनगढ़िया सोनाबन्दी मार्ग से लोकही मार्ग के आबादी भाग में सी०सी०सहित विशेष मरम्मत का कार्य।	12.30	1.23	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 944.00	2 माह
37	महराजगंज	जमुहरा खुर्द से इरैया मार्ग के आबादी भाग में सी०सी० मार्ग का निर्माण कार्य ।	5.00	0.50	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 856.00	2 माह
38	महराजगंज	बैसार सम्पर्क मार्ग के आबादी भाग में सी०सी० मार्ग का निर्माण कार्य।	5.00	0.50	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 856.00	2 माह
39	महराजगंज	उरका बृजमनगंज से मटिहनियां मार्ग के आबादी भाग में सी०सी० एवं नाली का निर्माण कार्य।	16.00	1.60	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 944.00	2 माह
40	महराजगंज	बड़हारी संपर्क मार्ग के आबादी भाग में सी०सी० मार्ग सहित विशेष मरम्मत का कार्य।	17.30	1.73	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 944.00	2 माह
41	महराजगंज	ग्राम सभा परसाबेनी पी० डब्लू०डी० बरगदहिया मोड़ से डिहवा टोला होते हुए तेजार महदेवा पी०डब्लू०डी० तक मार्ग के आबादी भाग मे सी०सी० सहित विशेष मरम्मत का कार्य।	12.40	1.24	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 944.00	2 माह
		विधान सभा क्षेत्र पनियरा के अन्तर्गत मार्गों के विशेष मरम्मत का कार्य।				
42	महराजगंज	बी०एम०सी०टी० से धनखरी मार्ग के आबादी भाग में सी०सी० मार्ग का निर्माण कार्य ।	25.30	2.53	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 944.00	2 माह
43	महराजगंज	खुटहा से ब्रह्मपुर मार्ग पर सी०सी० सहित विशेष मरम्मत का कार्य।	16.60	1.66	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 944.00	2 माह

विड डाक्यूमेंट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दि0 05.11.2026 से 13.11.2026 तक उपलब्ध है, जो कि दिनांक 13.11.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दि0 13.11.2026 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी। निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि 13.11.2026 को 12:00 बजे तक शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जाय। निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(एडीसन)
अधिशासी अभियंता
निर्माण खण्ड, लो.नि.वि.
महराजगंज

उ.प्र. 259488/दिनांक 26-10-2026 ईमेल upinformation@nic.in